# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :................................/पी.ए./2022

दिनांक :. ..........................................................

*सर्वोच्च प्राथमिकता*
*ई–मेल/स्पीड–पोस्ट/व्यक्तिगत*

## कार्यालय–ज्ञाप

अवगत कराना है कि अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आज दिनांक 11.07.2022 को सम्पन्न हुयी ऑनलाइन बैठक में दिये गये निर्देशानुक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालयों को निम्नानुसार निर्देशित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं :–

1. समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों का पंजीकरण व विवरण "abacus.upsdc.gov.in" पर अपलोड किया जाने के निर्देश दिये गये हैं जिसके कम में पूर्व में महाविद्यालयों को पंजीकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु अधिकांश सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा उक्त संदर्भित पोर्टल पर महाविद्यालय का पंजीकरण नहीं किया गया है। अतः समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि संदर्भित पोर्टल "abacus.upsdc.gov.in" पर महाविद्यालय का पंजीकरण करते हुए **31 जुलाई, 2022** तक अनिवार्य रूप से निर्देशानुसार सम्पूर्ण विवरण अपलोड करने का कष्ट करें। इस कार्य हेतु किसी प्रकार की जानकारी के लिए **डॉ0 पुनीत मिश्रा, मो0 नं0 : 7991200542** से सम्पर्क किया जा सकता है।
2. जो महाविद्यालय अद्यतन नैक से मूल्यांकित नहीं हैं और नैक मूल्यांकन की अर्हता धारित करते हैं, ऐसे महाविद्यालयों से अनुरोध है कि तत्काल नैक मूल्यांकन हेतु आवेदन कर मूल्यांकन कराना सुनिश्चित करें तथा पूर्व से नैक मूल्यांकित महाविद्यालयों जिनकी मूल्यांकन अवधि कालातीत हो चुकी है, वे भी पुनः मूल्यांकन हेतु आवेदन कर पुनर्मूल्यांकन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के दृष्टिगत शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक महाविद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम उपलब्ध हों। तत्कम में समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को छोड़कर) को निर्देशित किया जाता है कि वर्तमान सत्र में कम से कम एक स्मार्टक्लास अनिवार्य रूप स्थापित/निर्मित कराने का कष्ट करें।
4. शैक्षिक सत्र 2022–23 में प्रवेश की प्रकिया प्रारम्भ हो चुकी है अतः अनुरोध है कि महिला साक्तीकरण/महिला शिक्षा के उन्नयन हेतु स्नातक/परास्नातक अन्य पाठ्यकमों में महिलाओं का प्रवेश/नामांकन अधिक से अधिक हो, सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : AF/13668-73 दिनांक : 12/07/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर एवं हरदोई) को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. डॉ0 पुनीत मिश्रा, कोआर्डीनेटर, एआईएसएच, कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0।
5. प्रबन्धक/प्राचार्य, समस्त सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर एवं हरदोई), ल0वि0वि0 को अनुपालनार्थ।
6. गार्ड फाईल।

कुलसचिव